दिन– शनिवार दिनांक– 11/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. एनडीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे का मामला सुलझा। आज घोषणा किये जाने की सम्भावना। महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं।

02. विधानसभा चुनाव के दौरान नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला भी जारी। आज पूर्व सांसद सूरजभान सिंह राजद और अरूण कुमार जदयू में होंगे शामिल।

03. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन एक दिवसीय दौरे पर आज बिहार आ रहे हैं। सारण के सिताब दियारा में जे.पी. जयंती समारोह में होंगे शामिल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों से मॉनसून की वापसी शुरू। मौसम विभाग ने कहा– एक दो दिनों में पूरे राज्य से लौट जायेगा मॉनसून।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के घटक दलों के बीच आज सीट समझौते को अन्तिम रूप दिया जा सकता है। भाजपा कोर कमेटी की आज नई दिल्ली में बैठक होगी जिसमें बिहार विधानसभा के चुनाव दोनों चरणों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होगी और उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और कोर कमेटी के अन्य सदस्यों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। बैठक के बाद एनडीए के बीच सीट समझौते की घोषणा होने की संभावना है। मीडिया से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसावल ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर एक औपचारिक समझौता हो चुका है और आज इस बारे में घोषणा की जाएगी।

–––बाईट–––

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी राविलास की कोर कमिटी की बैठक आज ही नई दिल्ली में आयोजित की जायेगी। बैठक में सीट शेयरिंग, उम्मीदवार और एनडीए की साझा रणनीति पर चर्चा होगी। इधर, कल पटना में भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावडे सहित वरिष्ठ नेताओं ने एनडीए के विभिन्न घटक दलों के साथ अलग–अलग और संयुक्त बैठकें की। हमारे संवाददाता है कि भाजपा के एक सौ एक और जदयू एक सौ दो सीटों पर चुनाव लड़ने की सम्भावना है। एक रिपोर्ट

–––बाईट–––

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अभी जारी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री कुशवाहा ने कहा कि

इधर–उधर की खबरों पर मत जाइए। इंतजार कीजिए...! उन्होंने लोगों से खबरों को लेकर सर्तकता बरतने की अपील की है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल की संसदीय बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर उम्मीदवारों के बारे में फैसला लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को अधिकृत किया गया है। पार्टी ने सीट बंटवारे पर आज पटना में बैठक बुलाई है। वहीं, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे में हो रही देर के बची प्रमुख घटक सीपीएम ने अपने दो मौजूदा विधायको सत्येंद्र यादव और अजय कुमार को नामांकन दाखिल कर चुनाव की तैयारी करने को कहा है।

---

विधानसभा चुनाव के दौरान नेताओं के पाला बदले का सिलसिला जारी है। पूर्व सांसद सूरजभान सिंह पत्नी और मुंगेर से पूर्व सांसद वीणा देवी और उनके भाई नवादा से पूर्व सांसद चंदन सिंह आज राजद में शामिल होंगे। पटना में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव इन सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायेंगे। वहीं, जहानाबाद के पूर्व सांसद अरूण कुमार और उनके बेटे आज जदयू ने शामिल होंगे। इधर, बांका से जदयू सांसद गिरधारी यादव के पुत्र चाणक्य प्रकाश, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा और लोजपा नेता अजय कुशवाहा राजद में शामिल हो गये हैं। वहीं, कांग्रेस नेता अजय निषाद अपनी पत्नी रमा निषाद के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद कल पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुजफ्फरपुर जिले के पारू और कांटी विधानसभा क्षेत्र से एक–एक तथा सारण जिले के मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया है। गौरतलब है कि छह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव में पटना, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर जिले की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि सत्रह अक्तूबर तक निर्धारित है। अठारह अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, बीस अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को नामांकन नहीं होगा।

---

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न जिलों में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अररिया जिला अंतर्गत सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों ने नामांकन प्रक्रिया में प्रतिनियुक्त

कर्मियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में आयोजित बैठक में प्रशिक्षण भी दिया गया। इधर, भागलपुर में फेक न्यूज़ पर नियंत्रण के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के कर्मियों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया के न्यूज़ को सर्च करने का प्रशिक्षण दिया गया।

---

वहीं, सुपौल जिले में दूसरे चरण में ग्यारह नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम'' के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुपौल, मरौना तथा सरायगढ़ भपटियाही में विशेष स्वीप बैठकें आयोजित की गईं।

---

पटना जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर प्रत्याशियों द्वारा छठ पूजा के दौरान पूजा सामग्री वितरण पर रोक लगा दी है। चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने कहा कि इस दौरान घाटों पर बैनर लगाने पर भी रोक रहेगी। इधर, जिला प्रशासन की अनुशंसा पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमार नवगीत और राकेश कुमार को स्वीप अभियान का आईकॉन बनाया गया है।

---

शिवहर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव को लेकर गठित उड़न दस्ता दल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सड़सठ लाख रुपये से अधिक की राशि जब्त किया गया।

---

मुंगेर जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर चलाये जा रहे सघन जांच अभियान के दौरान असरगंज प्रखंड के शाहकुंड मोड़ के पास एक वाहन से चार लाख सत्तर हजार नौ सौ रुपये नगद बरामद किए गये। इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि देश भर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर चरणबद्ध तरीके से कराया जायेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि इसके लिए आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। आयोग के अनुसार इसकी शुरूआत उन राज्यों से होगी जहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होंगे।

---

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री राधा कृष्णन संपूर्ण क्रांति के महानायक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी जन्मस्थली सारण जिले के सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सुबह करीब दस बजे पटना पहुंचने के बाद सारण जिले के सिताबदियारा रवाना होंगे। सिताब दियारा में वे करीब पैंतालीस मिनट तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान उप राष्ट्रपति लोक नायक के पैतृक आवास का भी दौरा करेंगे। इसके बाद वे लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उपराष्ट्रपति प्रभावती मेमोरियल पुस्तकालय का भी अवलोकन करेंगे। इसकी स्थापना लोकनायक की पत्नी प्रभावती देवी के नाम पर की गई है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे और किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे।

---

नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने सभी विमानन कंपनियों से आगामी त्यौहारों के दौरान हवाई किराये को किफायती बनाए रखने का आग्रह किया है। विमानन कंपनियों ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त उड़ानें भी संचालित की जाएंगी। नई दिल्ली में कल मासिक समीक्षा बैठक में श्री नायडू ने नागरिक विमानन महानिदेशालय को हवाई किराये पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की वापसी हो गयी है। इस समय राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों से मॉनसून की वापसी की ट्रफ रेखा गुजर रही है। जिसके प्रभाव से पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, रोहतास और भभुआ समेत राज्य के पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मॉनूसन के एक–दो दिनों में राज्य से पूर्णतः लौट जाने की सम्भावना है। इसके बाद राज्य के मौसम में बदलाव हो सकता है। विभाग के अनुसार अधिकतर भागों में इस वर्ष ठंड की शुरूआत समय से थोड़ा पहले हो सकती है।

---

पटना पुलिस ने ऑपरेशन जखीरा के तहत बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत राघोपुर के पूर्व मुखिया संजय यादव के घर छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार जब्त किये हैं।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक रायफल, दो पिस्टल, एक दोनाली बंदूक, छियासी कारतूस और दो मोबाईल फोन बरामद किये है। इस सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेमाईपट्टी गांव में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना एक पिकअप वैन और ट्रैक्टर में सीधी टक्कर के कारण हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मृतकों के प्रति गहरा शोक प्रकट किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— एनडीए आज करेगा सीट साझेदारी का ऐलान, महागठबंधन एक—दो दिनों में।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है— भाजपा के लिए कई सीटों पर मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी। अखबार लिखता है— पांच के पेच में उलझी राजद—कांग्रेस की हिस्सेदारी।

दैनिक भास्कर ने औरंगाबाद में नाव हादसे की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है— मौत की नाव, क्षमता से ज्यादा सवार थे, छह डूबे, दो शव बरामद। आज अखबार की सुर्खी है— पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा, एसआईआर। आयोग ने कहा—बिहार में एसआईआर का काम पूरा। प्रभात खबर का शीर्षक है— चांदी आठ हजार पांच सौ रूपये से उछलकर रिकॉर्ड एक लाख इकहत्तर हजार पर पहुंची। राष्ट्रीय सहारा लिखता है— नोबेल शांति अवार्ड, अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चूके, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को सम्मान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. एनडीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे का मामला सुलझा। आज घोषणा किये जाने की सम्भावना। महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं।

02. विधानसभा चुनाव के दौरान नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला भी जारी। आज पूर्व सांसद सूरजभान सिंह राजद और अरूण कुमार जदयू में होंगे शामिल।

03. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन एक दिवसीय दौरे पर आज बिहार आ रहे हैं। सारण के सिताब दियारा में जे.पी. जयंती समारोह में होंगे शामिल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों से मॉनसून की वापसी शुरू। मौसम विभाग ने कहा– एक दो दिनों में पूरे राज्य से लौट जायेगा मॉनसून।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।